राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
बृहस्पतिवार • 16 जनवरी • 2025

# नर्सरी दाखिले की पहली सूची तैयार, बच्चों ने निकाला ड्रॉ

■ राकेश नाथ
नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी के पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले का सपना अब जल्द पूरा होने जा रहा है। स्कूलों द्वारा दाखिले की पहली लिस्ट के लिए स्कूलों ने ड्रॉ कर लिए हैं। स्कूलों ने बच्चों और अभिभावकों से यह ड्रॉ स्कूल कैम्पस में करवाए। स्कूलों ने इस ड्रॉ की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करवाई है। इस प्रक्रिया को करने के बाद अब स्कूल नर्सरी दाखिले की पहली सूची शुक्रवार को जारी करेंगे। स्कूलों का कहना है कि सूची सुबह दस बजे के आसपास जारी कर दी जाएगी। सूची के आधार अभिभावक प्रमाणपत्रों के सत्यापन आदि की प्रक्रिया कर अपने बच्चों का दाखिला कर सकेंगे।

■ स्कूलों ने ड्रॉ की कराई वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी

■ कल स्कूल जारी करेंगे नर्सरी दाखिले की लिस्ट

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक ने बताया कि स्कूल की पहली लिस्ट के लिए स्कूल ड्रॉ कर लिए हैं। स्कूल ने नर्सरी दाखिले के लिए सौ सीटों के लिए चयन किया है। पाठक ने बताया कि स्कूल ने ड्रॉ के लिए स्कूल में अभिभावकों और बच्चों को बुलाया गया था। इन बच्चों के द्वारा ड्रॉ निकाला गया। साथ ही वीडियोग्राफी, स्टिल फोटोग्राफी भी कराई गई। ममता मार्डन स्कूल विकासपुरी की प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा ने बताया कि हमारे यहां नर्सरी के दाखिले में ड्रॉ की जरूरत नहीं पड़ी है। लिहाजा पहली सूची 75 बच्चों की तैयार हो गई है। यह बच्चे 100 फीसद क्राइटेरिया के हिसाब से ही चयनति हुए हैं, इसके लिए हमें ड्रॉ करने की जरूरत नहीं पड़ी। इसको हम 17 जनवरी को घोषित करेंगे। चयन हुए ज्यादातर छात्र नेबरहुड और सिबलिंग के हैं। बाकी नेबरहुड और एल्यूमनी प्वाइंट्स हैं। हमारे यहां नेबरहुड 60 प्वाइंट्स, सिबलिंग 20 और एल्यूमनी के 10 प्वाइंट्स रखे गए हैं। दीपाली पीतमपुरा नवभारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संजय भारतीय ने बताया कि क्राइटेरिया के अनुसार बच्चों का चयन कर लिया गया। तय तिथि में इसको घोषित किया जाएगा। स्कूल में नर्सरी की कुल 40 सीटें हैं। हमें इसके लिए ड्रॉ निकालने की जरूरत नहीं पड़ी है।




क्राइटेरिया के अनुसार ही बच्चों का चयन हुआ है, लिस्ट लगभग तैयार है। नेबरहुड, सिबलिंग और एल्यूमनी क्राइटेरिया के तहत यह चालीस बच्चे चुने गए हैं। 17 को सुबह आठ बजे के बाद यह लिस्ट जारी की जाएगी। आरकेपुरम स्थित रामजस इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक रचना पंत ने बताया कि हमारी 120 सीट में 90 बच्चों की पहली लिस्ट निकाली गई है। इसमें 25 बच्चे 25 नेबरहुड, सिबलिंग व स्टाफ वार्ड के हैं। बाकी बच्चे नेबरहुड कैटेगरी से चुने गए हैं। हमने बच्चों और अभिभावकों से ड्रॉ निकलवाया है।